दैनिक भास्कर

जयपुर 06-02-2026

कारों का आर्ट वर्क शोकेस किया जाएगा।

# सतत विकास में जीवन विज्ञान और वानिकी की अहम भूमिका



**सिटी रिपोर्टर** •वनस्पति विज्ञान, वानिकी व सामाजिक विकास के बीच अंतरसंबंधों पर वैज्ञानिक संवाद एवं शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मानसरोवर स्थित आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की शुरुआत हुई।

'सेल्स टू कम्युनिटीज: इंटरलिंकिंग लाइफ साइंस, फॉरेस्ट्री एंड सोशल डेवलपमेंट' विषय पर चल रही इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन संस्थान के वनस्पति शास्त्र विभाग और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें पहले दिन एक प्लानरी व दो तकनीकी सत्रों के साथ पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता रहे जेएनयू जोधपुर के पूर्व कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी ने सतत विकास में जीवन विज्ञान और वानिकी की अहम भूमिका बताई।